तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 31 अगस्त 2026

B.M. COLLEGE
(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध)
BA DCA
B.Com BCA
BBA PGDCA
B.Ed. (Code-114336)
न्यूनतम फीस (किश्तों में) स्कॉलरशिप सुविधा
अंतिम तिथि : 31/08/26
गोकुल नगर, पुलगाँव, दुर्ग (छ.ग.)
9098849923, 9340311314
9303893829, 9300850065

समस्या : नेशनल हाईवे में जाम, नगर की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बने मुसीबत

भादो के दूसरे दिन से बारिश की झड़ी आवागमन ठप, जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भादो महीने के दूसरे ही दिन मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया। शनिवार सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र के कई हिस्सों में कहीं झमाझम तो कहीं बारिश की झड़ी का दौर जारी है। कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश से जहां किसानों को राहत मिली है खरीफ फसलों के लिए इसे फायदेमंद माना और निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों परेशानी बढ़ गई है। सुबह से लगातार हो रही बारिश के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कई सड़कों पर पानी और कीचड़ जमा हो गया। जगह–जगह सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पा रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति ज्यादा परेशानी वाली रही। कई प्रमुख और संपर्क मार्गों पर गड्ढों के कारण लोगों को धीमी गति से आवागमन करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है। खरीफ की फसलों के लिए इस समय पानी की आवश्यकता है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ने के साथ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

लगातार बारिश होने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति बेहतर होने की संभावना है। हालांकि जरूरत से ज्यादा बारिश होने पर खेतों में जलभराव की समस्या भी पैदा हो सकती है। ऐसे में किसानों को मौसम की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी और जमीनी हालात को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उफनते नदी–नालों के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा बहते पानी को पार न करने की सलाह दी गई है।

पेड़ गिरने से एनएच पर लगा जाम

24 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से पूरा जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। चारों तरफ पानी लबालब भर गया है और नदी–नाले उफान पर हैं। बारिश के रौद्र रूप का सबसे ज्यादा असर आवागमन पर पड़ा है। नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर–देवभोग मार्ग पर एक विशालकाय पेड़ धाराशायी होकर सड़क पर गिर गया, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया है। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई हैं। प्रशासन की टीम पेड़ हटाकर रास्ता बहल किया।

मलेवा पहाड़ की प्राकृतिक सुंदरता के बीच अंधियारझोला जलप्रपात मोह रहा है मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

गरियाबंद जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर रसेला ग्राम मुढ़िपानी मलेवा पहाड़ के प्राकृतिक सुंदरता के बीच मौजूद अंधियारझोला जलप्रपात का नजारा देखने ही बनता है। लगभग 100 से 120 फीट ऊंचे पहाड़ से गिरता हुआ यह झरना सबका मन मोहने की क्षमता रखता है। ऊंचे ऊंचे पहाड़ और हरे-भरे वनों के बीच में बनाई है प्राकृतिक जलप्रपात बरसात के दिनों में अपनी अनूठी छटा बिखेरती है। अंधियारझोला जलप्रपात तक पहुंचने के लिए जिला मुख्यालय गरियाबंद से रसेला ग्राम मुढ़िपानी तक सड़क मार्ग के माध्यम से पहुंचा जा सकता है, ग्राम मुढ़िपानी से लगा मलेवा पहाड़ अंधियारझोला जलप्रपात तक जाने के लिए कच्चे पगडंडियों के माध्यम से लगभग 7 किलोमीटर पहाड़ पर पैदल चलना पड़ता है। शुरुआती 2 किलोमीटर के बाद मलेवा पहाड़ में ही मां रानी माता केरापानी के नाम से जाने जाने वाली माता की स्थान मिलता है। जहां पर केले के पेड़ से साल के 12 महीने पानी निकलता रहता है, जो अपने आप में एक अद्भुत है। इसके पश्चात मलेवा पहाड़ में लगभग 5 किलोमीटर की चढ़ाई करने के बाद अंधियारझोला जलप्रपात तक पहुंचा जा सकता है। लगभग 100 फीट ऊंचे पहाड़ से गिरता हुआ पानी का नजारा प्राकृतिक सुंदरता के बीच और भी अद्भुत लगता है।

ढोडगा पुलिया की ऊंचाई कम, बारिश में आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छुरा से रसेला मार्ग पर बने पुल पुलिया बदहाल होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव के पास पड़ने वाले कम ऊंचाई वाली ढोडगा पुलिया और लादन सुखा नदी बरसात के दिनों में मुसाफिरों के लिए परेशानी के कारण बनते हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बारिश के दिनों में पुलियों में बाढ़ आने के दौरान लोगों का बड़ा बड़ा काम बाधित हो जाता है। इस मार्ग पर कालेज, हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई किसानों की खाद व कृषि दवाई बीमार लोगों को इलाज़ हेतु मुख्यालय ले जाना कठिन

हो जाता है। नगर के किसान नंदकिशोर यादव, ज्ञान सिंह नागेश, रामसिंह नागेश, परमेश्वर पटेल, दिब्यनद यादव, राकेश कोमर्रा, धनेश राम ठाकुर, भूघन निषाद, ईश्वर यादव, योगराम नागेश आदि लोग ने बताया कि बाढ़ के दौरान किसान और आने जाने वाले राहगीरों को चार महीने जान जोखिम में डालकर ढोडगा पुलिया को दिन तो दिन, रात में भी पार करना पड़ता है। लोगों की जान तो नहीं गई है परन्तु अनेक लोगों के साइकिल, मोटरसाइकिल जैसे दो पहिया वाहन पानी में डूब गए हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से रसेला से छुरा मार्ग पर जर्जर पुलियों की मरम्मत व नया बनाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

मासपरायण की पूर्णाहुति मानस मंदिर में कल

छुरा। शिक्षक मानस परिवार छुरा के द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रावन मास में एक माह तक मानस मंदिर में श्रीरामचरितमानस मास परायण का पाठ किया गया, जिसकी पूर्णाहुति 2 सितम्बर को दोपहर बाद 3:30 बजे से होगी। मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय द्वारा संक्षिप्त रामायण एवं चालीसा के चौपाई के साथ पूजन हवन कर आहुति दी जाएगी। उन्होंने नगर के सभी लोगों से शामिल होने की अपील की। शिक्षक मानस परिवार का यह आयोजन मानस मंदिर समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह के सानिध्य में 15 वाँ वर्ष पूर्ण कर चुका है। आयोजन को सफल बनाने शिक्षक मानस परिवार के सभी सदस्य तैयारी में लगे हैं।

डीजल का अवैध भंडारण आरोपी पर कार्रवाई

महासमुंद। दुकान में डीजल का अवैध भंडारण करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंघोडा में रामेश्वर मिरी अपनी दुकान में अवैध रुप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल को बिना सुरक्षा प्रबंध के रखा हुआ था। मौके पर पहुंचेकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 60 लीटर डीजल ज्वलनशील पदार्थ कीमत 6000 रुपए को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसका दुकान एनएच 53 रोड किनारे स्थित है और रोड में चलने वाले ट्रक ड्राइवरों से कम कीमत में डीजल खरीद कर दूसरे ट्रक ड्राइवरों को अधिक दाम में बेचने का काम करता हूं। मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

कार का हार्न बजाने पर विवाद, मारपीट

महासमुंद। नगर के नयापारा के मछली मार्केट के पास हार्न बजाने पर कुछ लोगों ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। वार्ड 11 दलदली रोड नयापारा निवासी तेजराम पाल परिवार सहित अपनी कार से घर जा रहे थे। शाम करीब 6 बजे रोहित पटेल के घर के पास मछली मार्केट नयापारा पहुंचने पर उसने कार का हार्न बजाया तब रोड पर चल रहे कुछ लड़कों में शामिल मोहल्ले का समीर गाली गलौज करते हुए अपने हांथ में रखे ब्लेड से मारने लगा। इसी दौरान उसके भाई कबीर भी हाथ मुक्का व ब्लेड से मारपीट की।

आदर्श शिक्षक कंगालू राम आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय के उद्देश्य से समर्पित शकुंतला फाउंडेशन द्वारा वृंदावन हॉल रायपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के पूर्व आयोजित ऐतिहासिक समारोह में शिक्षा, संस्कार, नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की नींव डालने वाले राज्यभर से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। नगर के सेवानिवृत्त व्याख्याता के.आर. सिन्हा को 43 वर्षों के अति विशिष्ट शैक्षणिक कार्यों, स्काउटिंग गतिविधियों, निःशुल्क निःस्वार्थ सेवा, परोपकार, सामाजिक उत्थान, रचनात्मक गतिविधियों एवं विशिष्ट कला कौशल से समाज को नई दिशा प्रदान करने के अमूल्य योगदान के लिए राज्य अलंकरण

आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। श्री सिन्हा ने 43 वर्षों के शिक्षकीय जीवनकाल में सहायक शिक्षक से समन्वयक प्राचार्य तक का स्वर्णिम सफर तय किए। गणित एवं वाणिज्य विषय के विशेषज्ञ होने के साथ-साथ रेडक्रास, इको क्लब, स्काउटिंग गतिविधियों द्वारा अनेक बच्चों को राज्यपाल, राष्ट्रपति अवार्ड दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओडीएल के माध्यम से आयोजित शिक्षकों के डीएलएड प्रशिक्षण, ओपन विद्यालय जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यों में समन्वयक प्राचार्य के दायित्व का बख़ूबी निर्वहन कर चुके हैं। सिन्हा श्री राघवेंद्र मानस संघ संरक्षक, मानस मर्मज्ञ, जसगीत गायक, लोकगीतों के रचनाकार, गायक, नाड़ी वैद्य के रूप में भी जाने जाते हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी के.आर.सिन्हा स्वावलंबन के पर्याय, द टाइगर ऑफ मैथमेटिक्स की उपाधि से ▶▶|शेष पेज 10 पर

कांदाडोंगर में धूमधाम से मनेगी कृष्ण जन्माष्टमी

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक स्थल कांदाडोंगर राधा कृष्ण मंदिर में इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंदिर समिति और ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बड़े कोसरिया यादव समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जयमल यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्माष्टमी पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ को देखते हुए दर्शन-पूजन के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए जयमल यादव ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कांदाडोंगर पहुंचकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद ▶▶|शेष पेज 10 पर

नवापारा-अभनपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, वाहनों के परखच्चे उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शनिवार-रविवार की मध्य रात स्कॉर्पियो और बलेनो कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के

■ घायलों को अस्पताल दाखिल कराया गया

अनुसार अभनपुर-नवापारा मार्ग पर मानिकचौरी रेलवे क्रॉसिंग के पास बीती रात यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो में 7 लोग सवार थे, जबकि बलेनो कार में 2 लोग बैठे थे। राहत की बात यह रही कि इस भीषण टक्कर के बावजूद हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई लेकिन दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बलेनो कार अभनपुर से नवापारा की ओर आ रही थी जबकि स्कार्पियो अभनपुर की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

सावन हो या भादो, शिव तो कण कण में है विद्यमान : पं. भूपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

श्रावण का पवित्र महीना रक्षाबंधन के साथ समाप्त हो गया है। अब भाद्रपद यानी भादो माह का शुभारंभ हो चुका है। श्रावण मास में भगवान शिव की विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक करने की परंपरा रही है। इस दौरान शिवालयों में भक्तों की आस्था और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। पंचकोशी धाम फिंगेश्वर के फणिकेश्वर नाथ महादेव मंदिर प्रांगण में भी श्रावण माह के दौरान शिवमहापुराण कथा का आयोजन हुआ। कथा व्यास पंडित भूपेन्द्र धर दीवान ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए भगवान शिव की भक्ति के महत्व को

समझाया।

पंडित भूपेन्द्र धर दीवान ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना गया है, इसलिए इस माह में शिव आराधना का विशेष महत्व है। लेकिन भगवान शिव केवल श्रावण माह तक सीमित नहीं हैं। शिव तो हर जगह, कण–कण में विद्यमान हैं। सावन हो या भादो, प्रत्येक माह भगवान शिव की भक्ति के लिए है। उन्होंने कहा कि "भगवान शिव शंकर भोलेनाथ की पूजा हर समय श्रावण माह जैसे करना ही श्रेष्ठ भक्ति है।" इसका भाव यह है कि जिस प्रकार श्रावण में भक्त पूरे मन, श्रद्धा और विश्वास के साथ भोलेनाथ का स्मरण करते हैं, उसी प्रकार वर्षभर शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति बनी रहनी चाहिए। श्रावण में जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और शिव नाम का स्मरण करने से मन में जो भक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक भाव जागृत होता है,उसे केवल ▶▶|शेष पेज 10 पर

जिला पुलिस का विशेष अभियान शुरू

डिजिटल अरेस्ट नहीं करती पुलिस, फर्जी कॉल से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी से वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने 30 अगस्त से 5 सितंबर 2026 तक साइबर जागृति अभियान के तीसरे सप्ताह में डिजिटल अरेस्ट एवं फर्जी कॉल से सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत पुलिस टीम गांव-गांव पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल और ऑनलाइन ठगी के तरीकों से बचाव की जानकारी दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, आरबीआई या अन्य सरकारी संस्थाओं का अधिकारी बताकर फोन या वीडियो कॉल करते हैं और गिरफ्तारी, मनी लॉन्ड्रिंग या पार्सल मामले का डर दिखाकर पैसे ऐंठने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय ▶▶|शेष पेज 10 पर

नियमित-अनियमित कर्मचारी, अधिकारी और पेंशनर्स 11 को इंद्रावती भवन में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों में कार्यरत नियमित, अनियमित कर्मचारी-अधिकारी और पेंशनर्स अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 सितंबर को नवा रायपुर में इंद्रावती भवन के सामने बड़ी संख्या में सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराएंगे।

केंद्र के समान महंगाई भत्ता जनवरी 2026 से एवं 86 माह से लंबित एरियर्स, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, आउटसोर्सिंग बंद करने जैसी मांगों पर कर्मचारी शासन का ध्यान आकर्षित कराएंगे। कर्मचारियों का कहना है, न्यूनतम वेतन में पिछले 9 साल से और संविदा वेतन में विगत 3 साल से कोई वृद्धि नहीं की गई है, इससे लाखों अनियमित कर्मचारियों का आर्थिक हित प्रभावित हो रहा है।

क्रमिक आंदोलन के क्रम में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर विभागाध्यक्ष इंद्रावती भवन में पदस्थ संगठन प्रमुख करन सिंह अटेरिया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी संघ एवं गोपाल प्रसाद साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के नेतृत्व में एक मांग-एक मंच अभियान के बैनर तले नियमित, अनियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी 11 सितंबर को भोजनावकाश में इंद्रावती भवन के सामने सांकेतिक प्रदर्शन कर नोडल अधिकारी इंद्रावती भवन को मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे।

5 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी लामबंद, आर्थिक शोषण का लगाया आरोप

50 से अधिक कर्मचारी संगठनों का समर्थन

कर्मचारियों का कहना है 11 सितंबर को होने वाले प्रदर्शन में इंद्रावती भवन नवा रायपुर स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ 50 से अधिक कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिला है। पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडे, राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयनारायण श्रीवास्तव, प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदेश अध्यक्ष मीणा राजवाड़े वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार पांडे ने आंदोलन का समर्थन करते हुए प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित रहने के लिए अपील की है।

प्रमुख मांगें

- जनवरी 2026 की स्थिति से कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ता जारी करने के साथ 86 महीनों के एरियर्स दिए जाने की मांग।
- अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली और न्यून मानदेय कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने की मांग। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग/ठेका के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद किया जाए।
- नगरीय निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना करने की मांग।
- स्वास्थ्य विभाग में ठेका पद्धति की प्रथा समाप्त की जाए।
- नियमित, अनियमित कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर 20 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा लागू की जाए।

खबर संक्षेप

देसी कट्टे की नोक पर धमकाया, गिरफ्तार

रायपुर। देसी कट्टे की नोक पर लोगों को धमका रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदनी चौक नेहरू नगर के समीप एक बदमाश आने-जाने वाले लोगों को बंदूक दिखाकर धमका रहा है। पुलिस वहां पहुंची तो बदमाश मोहम्मद अमीरुद्दीन उर्फ जीशान लोहे की पाइप से निर्मित देसी कट्टा दिखाकर लोगों को धमका रहा था। पुलिस लगातार आम लोगों को आतंकित करने वाले बदमाशों के खिलाफ अभियान चला रही है।

मारपीट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। आपसी रंजिश के कारण मारपीट तथा चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने करण यादव, भीष्म साहू उर्फ ऋषभ, मुकुल ध्रुव, महेश ध्रुव उर्फ माइकल को गिरफ्तार किया है। विकास का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मुकुल तथा उसके साथियों ने शुक्रवार को सौरभ नायक के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट कर उसके ऊपर चाकू से हमला किया था।

चंगोराभाठा में थाना खोलने की मांग

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं, बेखौफ अपराधियों और फलते-फूलते नशे के अवैध कारोबार के विरोध में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने चंगोराभाठा में हुए हालिया डबल मर्डर के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पूरे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने आश्वस्त किया कि चंगोराभाठा डबल मर्डर के दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

निजी मेडिकल कालेज की 28 सीट भरी, डेंटल कालेजों में कुल 44 प्रवेश

जेएनएम की 57 समेत शासकीय मेडिकल कालेजों की 227 सीटों पर हुआ एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नीट यूजी-2026 की काउंसिलिंग के दौरान दो दिन में एमबीबीएस-बीडीएस की कुल 299 सीटों पर एडमिशन हुआ। इसमें शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज के लिए आवंटित 204 में से 57 सीटों पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं प्रायवेट मेडिकल कालेज की 28 और डेंटल कालेजों में कुल 44 एडमिशन हुआ है।

दस्तावेजों की जांच और प्रवेश की प्रक्रिया 27 अगस्त से शुरू हुई और 28 को अवकाश के बाद शनिवार 29 अगस्त से 3 सितंबर तक निरंतरता के साथ पूरी की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया के लिए शासकीय मेडिकल कालेजों में व्यवस्था की गई है, वहीं प्रायवेट कालेजों में एडमिशन का काम आयुष विश्वविद्यालय परिसर में पूरा किया जा रहा है। शनिवार को प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के 15 शासकीय कालेजों की 1469 शासकीय सीटों में से 227 सीटों पर प्रवेश पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार निजी कालेजों में प्रबंधन, स्टेट, एनआरआई कोटे की कुल 1300 में से 28 सीटों पर अभ्यर्थियों ने अपने एडमिशन का काम पूरा कर लिया है। इस बार पहले राउंड की काउंसिलिंग में राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय की 82 में से 3 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हो चुका है, जबकि राज्य के पांच निजी डेंटल कालेजों में 28 लोगों ने अपनी सीट सुरक्षित कर ली है।

राज्य के नीट टॉपरों सहित विभिन्न कोटे में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर की 204 सीटों का आवंटन किया गया था, जिसमें बिना किसी संशय के 57 लोगों ने प्रवेश ले लिया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों आवंटित 80 फीसदी सीटों पर प्रवेश का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की तैयारी की जाएगी।

अखिल भारतीय कोटे की 2 सीटों पर प्रवेश

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में ऑल इंडिया कोटे की कुल 37 सीटों में से 2 पर प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच और जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। ऑल इंडिया कोटे से दूसरे दौर की प्रवेश प्रक्रिया 3 सितंबर से प्रारंभ होगी। राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में ऑल इंडिया और सेंट्रल कोटे की 256 सीटें तय हैं। इस बार सभी कोटा मिलाकर राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में 3025 एमबीबीएस सीटें हैं।

सुरसाबांधा में मना रक्षाबंधन का पर्व...

सुरसाबांधा। रक्षाबंधन पर्व पर बहन साक्षी साहू ने भाई राजा साहू की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट रिश्ते को और मजबूत किया। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाई राजा साहू ने भी अपनी बहन को हमेशा साथ और सुरक्षा देने का संकल्प लिया।

छाए रहे काले बादलों से छूटती रही रिमझिम फुहार

रायपुर। तीन आराम के बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में तैयार हुए सिस्टम से शनिवार को अंबिकापुर और दुर्ग में बारिश और राजधानी में काले बादलों से रिमझिम फुहार छूटती रही। मध्य के साथ बस्तर में बरसने के लिए बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार हो गया है।

सावन के अंतिम यानी राखी के दिन बारिश नहीं हुई, मगर भादो लगते ही मानसून ने एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश की गतिविधि बनने रहने की संभावना है। इस बार वर्षा का असर मध्य इलाके के साथ बस्तर इलाके में रहने के आसार हैं, यानी सितंबर की शुरुआत वर्षा की गतिविधि के साथ होगी। राज्य में अभी वर्षा सामान्य से 4 प्रतिशत कम है, जिसकी पूर्ति बारिश के इस चक्र में होने की संभावना है। शनिवार को अंबिकापुर में 62 तथा दुर्ग में करीब 20 मिमी. वर्षा हुई। राजधानी में रात हल्की बरसात के बाद दिनभर काले बादल छाए रहे, इसके साथ फुहारों का दौर चलता रहा। मौसम में आई ठंडकता के कारण दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे होकर 26 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम-उत्तरी ओडिशा तटों पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

30 स्पॉ सेंटर में पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित स्पॉ सेंटरों में नियमों के पालन और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर शनिवार को बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया। पुलिस ने 30 स्पॉ सेंटर में एक साथ जांच की। इसके लिए पुलिस की 15 टीमों का गठन किया गया था, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों समेत 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर स्पॉ सेंटर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस की टीम ने अलग-अलग सेंटर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं और दस्तावेजों की पड़ताल की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य स्पॉ सेंटरों की आड़ में किसी भी तरह की प्रतिबंधित या संदिग्ध गतिविधियों को रोकना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है।

- छापे की कार्रवाई करने पुलिस की 15 टीमें बनाई गईं

तीनों जोन में एक साथ कार्रवाई : डीसीपी वेस्ट रॉबिंसन गुरिया, सेंट्रल जोन के डीसीपी तारकेश्वर पटेल और नॉर्थ जोन की डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देशन में तीनों जोन में कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस आयुक्त स्नेहिल साहू, नंदिनी ठाकुर और पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में गठित टीमों ने अलग-अलग स्पॉ सेंटरों की जांच की। 15 टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेंटरों में पहुंचकर संचालकों और कर्मचारियों से पूछताछ की। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों और रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया। अलग-अलग स्पॉ सेंटर में ग्राहकों के साथ वहां काम करने वालों से संबंधित दस्तावेजों के अलावा पुलिस ने स्पॉ सेंटरों के लीज, किराया और स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की।

रजिस्टर और सीसीटीवी रिकॉर्ड खंगाले

जांच के दौरान पुलिस ने स्पॉ सेंटरों में रखे ग्राहकों के रजिस्टर, स्टाफ रजिस्टर और कर्मचारियों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी रिकॉर्डिंग क्षमता और फूटेज सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी देखी गई। इसके अलावा स्पॉ संचालक, मैनेजर और कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन की स्थिति की जांच की गई। कर्मचारियों की आयु से संबंधित दस्तावेज भी देखे गए।

इन दो स्पॉ सेंटरों में मिलीं आपत्तिजनक वस्तुएं

जांच के दौरान पुलिस को दो स्पॉ सेंटरों में आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं। इनमें डीडीनगर थाना क्षेत्र का एलिना और पंडरी थाना क्षेत्र के अंबुजा माल में संचालित लॉ थाई स्पॉ सेंटर शामिल हैं। यहां मिली आपत्तिजनक वस्तुओं के संबंध में पुलिस ने संबंधित मैनेजर और कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। कमिश्नरेट की ओर से कहा गया है कि स्पॉ सेंटरों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की जांच केवल एक दिन की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी। भविष्य में भी स्पॉ सेंटर का निरीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन अथवा किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

सीएम साय से किसान मोर्चा ने की सौजन्य भेंट

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णु देव साय को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों और किसान कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाली किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों तथा इसमें किसान हित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से शामिल किए जाने को लेकर जानकारी साझा की। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं, कृषि क्षेत्र के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में संचालित योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी अपनी बात रखी।

गांजा तस्करी में इंड-टू-इंड कार्रवाई ओडिशा से बड़ा डीलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक प्रकरण में पुलिस ने बैकवर्ड लिंक के आधार ओडिशा के बड़े डीलर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ओडिशा, सोनपुर में गांजा तस्करी के एक प्रकरण में अग्रिम जमानत पर है। उसके खिलाफ पूर्व में कई गांजा तस्करी के प्रकरण ओडिशा में दर्ज हैं।

- ओडिशा के एक गांजा प्रकरण में अग्रिम जमानत पर है आरोपी

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने ओडिशा के सुवर्णपुर में दबिश देकर देवेंद्र साहू उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम ने 4 अगस्त को लभांडी स्थित अग्रसेन धाम के आगे सर्विस रोड पर एक ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा था।

ट्रक की जांच करने पर सवा करोड़ रुपए कीमत का 191.525 क्विंटल जब्त कर गांजा तस्करी करने के आरोप में बिहार मधुबनी निवासी मोहम्मद लाल, मोहम्मद रुस्तम, महाराष्ट्र नागपुर निवासी मोहम्मद आकिब, टिकरापारा संजय नगर निवासी मोहसिन खान को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने देवेंद्र से गांजा खरीदने की बात कबूल की थी। गांजा तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों की पुलिस पतासाजी कर उनकी जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है।

नागपुर के रास्ते मुंबई ले जाने की फिराक में था तस्कर

खेत में ही गांजा का सौदा, करता था डीलिंग

पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में जिस डीलर को गिरफ्तार किया है, वह किसानों से खेत में ही सौदा कर उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार तथा झारखंड के तस्करों से गांजा बिक्री के लिए डील करता था। गांजा डीलर द्वारा एक क्विंटल या उससे ज्यादा का गांजा डील कर बेचने की जानकारी पुलिस को मिली है।

30 घंटे बाद मिली नदी में डूबे युवक की लाश

रायपुर। बहन की अस्थियां विसर्जित करने के दौरान खारुन नदी के महादेवघाट में डूबे युवक की लाश 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार शाम को मिल पाई। युवक की लाश लक्ष्मण झूला के पास बने एनीकट के पास डूबते-उतराते मिली। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम करने मरचुरी रवाना कर दिया। बॉडी की पतासाजी करने एसडीआरएफ की तीन से चार टीमें लगी हुई थीं। इसके अलावा अलग से गोताखोरों की टीम लगाई गई थी।

- बहन की अस्थियां विसर्जित करने गया था, इस दौरान हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार, युधिष्ठिर सारंग की लाश शाम 5 बजे के करीब मिली है। नदी में बहाव तेज होने के साथ ही लगातार भंवर बन रहा था, इस कारण गोताखोरों की टीम को नदी में उतरते नहीं बन रहा था। युवक की बॉडी को सतह पर लाने के लिए एसडीआरएफ की टीम नदी में जाल फेंकने के साथ ही मोटरबोट के माध्यम से नदी में प्रेशर बनाने का काम कर रहे थी। नदी में तेज प्रेशर बनाने से सतह की वस्तु ऊपर आ जाती है। यही कारण है कि नदी में प्रेशर बनाने से नदी में डूबे युवक की बॉडी ऊपर आ गई।

पेज 9 के शेष...

पेज 9 के शेष...

आदर्श शिक्षक कंगालू...

सम्मानित है। आचार्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित होने पर साहित्यकारललित साहू, देवनारायण यदु, भारत स्वाभिमान न्यास जिलाध्यक्ष संतराम कंवर, ठेठवार यादव समाज प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु, श्रीराघवेंद्र मानस संघ अध्यक्ष जागेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष रोहित जगत, सहसचिव खोरबाहरा निषाद, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा, शाकंभरी मरार समाज प्रांतीय संचालक हेमलाल पटेल, नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल प्राचार्य संतोष निषाद, कृष्णेश यदु आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

कांदाडोंगर में धूमधाम ...

प्राप्त करने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। ग्राम गोढ़ियारी कांदाडोंगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर 04 सितंबर दिन शुक्रवार संध्या 05 बजे से पूजा-पाठ, हवन रात्रि 08 बजे से भजन संध्या (कचना ध्रुवा मानस मण्डली धुरवागुड़ी द्वारा एवं दूसरे दिन 5 सितंबर शनिवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 01 बजे अतिथि एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत, सम्मान एवं उद्बोधन दोपहर 01 से 03 बजे संप्रदा प्रदर्शन (1) भागीरथी नागेश (गुड़ीपारा) (2) निरंजन नागेश (कुलियारपारा)(3) भुवनलाल यादव (मगरओड़ा) दोपहर 03 से 05 बजे मटका फोड़, जलेबी दौड़, बालिका फुग्गाफोड,रस्सी खींच महिला/पुरुष वर्ग, दहीलुट एवं भोजन प्रसादी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है, यहां पूरा कार्यक्रम बड़े कोसरिया यादव समाज परिक्षेत्र कान्दाडोंगर द्वारा आयोजित किया जाएगा।

सावन हो या...

सावन तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

प्रेम और विश्वास हमारे जीवन का हिस्सा बने- पूजा का वास्तविक उद्देश्य यही है कि भगवान शिव के प्रति हमारा प्रेम और विश्वास हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बने। सावन समाप्त हुआ है, शिव भक्ति नहीं। भादो सहित वर्ष के प्रत्येक माह और प्रत्येक दिन भोलेनाथ का स्मरण, पूजन और अच्छे कर्म करते रहना ही सच्ची शिव आराधना है। सावन जैसा भाव यदि बारहों महीने मन में बना रहे, तो यही भगवान शिव के प्रति श्रेष्ठ भक्ति मानी जा सकती है।

डिजिटल अरेस्ट नहीं...

तुरंत कॉल काटकर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई है। अभियान के दौरान नागरिकों को यह भी समझाया जा रहा है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, बैंक खाते की जानकारी जैसी गोपनीय सूचनाएं साझा न करें। साथ ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई ऐप डाउनलोड करने से भी बचें। गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पुलिस या कोई भी जांच एजेंसी वीडियो कॉल के जरिए कभी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। यदि इस तरह की धमकी भरी कॉल आए तो किसी प्रकार का भुगतान न करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने और नजदीकी थाना या साइबर सेल से संपर्क करने की अपील की है। समय पर शिकायत करने से ठगी की राशि रोकने और वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करें, क्योंकि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

सड़कों पर मवेशी छोड़े तो खैर नहीं, लगेगा जुर्माना, कई इलाकों में निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में घर के बाहर सड़क पर मवेशियों को खुला छोड़ा तो खैर नहीं, नगर निगम इन मवेशियों को पकड़कर पशु मालिक पर जुर्माना कर सकता है। साथ ही संबंधित मवेशी मालिक अपने मवेशियों को खुला छोड़ने पर खुद जिम्मेदार होंगे। निगम प्रशासन ने नगर निगम के 10 जोन क्षेत्रों में सड़क पर खुले में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान चलाया। शनिवार को निगम अमले ने भाठागांव, संतोषीनगर-मठपुरैना रिंगरोड, पेंशनबाड़ा तरुण बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर मवेशियों की धरपकड़ की। नगर निगम जोन -6 की काऊकैचर टीम ने भाठागांव क्षेत्र की सड़क से 9 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। इसी तरह संतोषीनगर मठपुरैना रिंगरोड सड़क मार्ग से 13 मवेशियों को काऊकैचर वाहन की सहायता से पकड़कर सड़क आवागमन में आ रही बाधा दूर की। नगर निगम जोन-4 क्षेत्र में काऊकैचर टीम ने पेंशनबाड़ा, सदरबाजार वार्ड के बूढ़ापारा, वार्ड 44 के लाखेनगर क्षेत्र में 5 मवेशियों की धरपकड़ की। निगम की टीम ने सभी मवेशी मालिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने पालतू मवेशियों को बांधकर रखें। उन्हें सड़कों पर खुला कदापि न छोड़ें। उनके द्वारा पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़े जाने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

खबर संक्षेप

अवैध शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई, 02 आरोपी भेजे गए जेल

महासमुंद। जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस टीम द्वारा महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पहले मामले में 29 अगस्त को महासमुंद ने ग्राम नयापारा महासमुंद में घांसू मेहर पिता टिकेलाल मेहर (50 साल) वार्ड नं. 11 के घर दबिश देकर कुल 15 लीटर महुआ शराब (कीमत 3,000 रुपए) को जब्त किया। वहीं दूसरे मामले में ही वार्ड नं. 11नयापारा महासमुंद में नरसिंग मेहर पिता स्व. भानु मेहर (50 साल) के घर से कुल 9 लीटर (कीमत 1,800 रुपए) को बरामद किया गया। इन मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जुआ खेल रहे चार लोगों पर कार्रवाई

महासमुंद। दुकान में जुआ खेल रहे चार लोगों पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से वाहन, मोबाइल समेत नगद रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि शशिकांत प्रधान की दुकान/ठेला एनएच 53 रोड पिथौरा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी नितेश कुमार अग्रवाल पिता स्व जगदीश प्रसाद अग्रवाल (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं 11 पिथौरा, शशिकांत प्रधान पिता जगदीश प्रधान (37 वर्ष) निवासी बार चौक पिथौरा, मनीष निषाद पिता मनीराम निषाद (29 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 05 रामसागरपारा पिथौरा और महेंद्र साहू पिता विष्णुराम साहू (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं 12 पिथौरा को पकड़ा, वहीं एक आरोपी फरीद खान पिता करीम खान निवासी लाखागढ़ फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, वाहन, नगदी रकम 33,980 रुपए कुल 1,43,980 रुपए को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(2), 5 छग जुआ प्रति. अधिनियम 2022, 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

भाजपा की महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान

क्षेत्र के भाजपा नेत्रियों ने कहा- केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महतारी वंदन योजना और केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सीधा लाभ प्रदेश के गाँव–गाँव तक पहुँच रहा है। खासकर वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के लिए यह वरदान साबित हुआ है। इससे लोगों के जीवन स्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है।

भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा सिंघल ने कहा भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते गांव, गरीब, किसान, युवाओं के सवर्गीण विकास के लिए लगातार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष श्रीमती मोहना नेताम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए हमारी सरकार हर गरीब को पक्की छत और हर बहन को वित्तीय आत्मनिर्भरता दे रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं के खातों में हर महीने 1000 रुपए आ रहे हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। पीएम स्वनिधि योजना से बड़ी संख्या में महिलाए जुड़कर आर्थिक रूप से सक्षम हो रहे है।

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्रीमती नंदनी नेताम ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तेजी से मकान स्वीकृत हो रहे हैं। भाजपा सरकार बनते ही 18 लाख गरीबों के पक्के मकान के सपने को पूरा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वनांचल क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ है।

जनपद सदस्य श्रीमती कुमारी बाई पटेल ने कहा भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना है। रक्षा बंधन त्योहार में महतारी वंदन की राशि आने से महिलाओं में खुशी देखने को मिल रहा है। महिला मोर्चा मैनपुर अध्यक्ष श्रीमती सुहागा पाड़े ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं, विशेषकर महतारी वंदन योजना का सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सरीता ठाकुर ने कहा गांव–गांव में महतारी वंदन योजना और समूह से जुड़ी महिलाओं के हुनर को जो बढ़ावा मिल रहा है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।

परेशानी : वीवीआईपी रूट होने के बाद भी प्रशासनिक अनदेखी

सड़क किनारे फैला कर रख रहे सामान नवापारा नवा रायपुर और आरंग मार्ग पर हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ›› नवापारा-राजिम

नवापारा से रायपुर और आरंग की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे के गांवों में दुकानदार अपने दुकानों के सामान को सड़क तक फैलाकर रख रहे है इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर परेशानी बनते जा रही है। सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा सामान को सड़क तक फैलाकर रखना, दुकानों के बोर्ड और प्रचार सामग्री को सड़क की सीमा तक लाकर खड़ा करना तथा सड़क के दोनों ओर वाहनों की स्थायी पार्किंग ने मार्ग को संकरा कर दिया है। हालात यह हैं कि जिस सड़क पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही होनी चाहिए, वहां जगह-जगह बेतरतीब पार्किंग दिखाई देती है। सबसे चिंताजनक स्थिति बड़ी ट्रकों और भारी वाहनों की है। कई स्थानों पर ट्रक सड़क के दोनों ओर खड़े कर दिए जाते हैं। इससे सामने से आने वाले वाहन को निकलने के लिए सीमित जगह मिलती है। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के बीच अचानक किसी वाहन के सामने आ जाने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। कहीं सब्जियां, फल और अन्य सामग्री सड़क की सीमा तक रखी हुई दिखाई देती है तो कहीं दुकान के बोर्ड और स्टैंड सड़क पर ही खड़े कर दिए जाते हैं।

इसी मार्ग से आते-जाते है मंत्री, विधायक व जनप्रतिनिधि

शाम के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। कुछ गांवों में सड़क किनारे लगने वाला मछली बाजार देखते ही देखते सड़क तक फैल जाता है। खरीददार सड़क पर खड़े रहते हैं, दुकानदार अपना सामान सड़क तक लगा देते हैं और आने-जाने वाले वाहनों के बीच जगह को लेकर लगातार जद्दोजहद होती रहती है। मछली बाजार जैसी गतिविधियों के लिए यदि अलग स्थान निर्धारित कर दिया जाए तो आम लोगों को परेशानी नहीं होगी लेकिन सड़क के ठीक किनारे या सड़क की सीमा में बाजार लगने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। बता दें कि नवापारा से नवा रायपुर की ओर आने जाने वाला मार्ग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गरियाबंद जिले और राजिम क्षेत्र में जब मंत्री, विधायक अथवा अन्य व्हीव्हीआईपी जनप्रतिनिधियों का आवागमन होता है तो इसी मार्ग से होता है। इसके बावजूद सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग की समस्या पर कार्रवाई नहीं होना गंभीर सवाल खड़े करता है।

सड़क पर भारी वाहनों का खड़ा रहना- यह मार्ग केवल स्थानीय लोगों के आवागमन का रास्ता नहीं बल्कि नवा रायपुर से गरियाबंद जिले और ओडिशा की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी इसी क्षेत्र से होती है। भारी वाहनों, यात्री वाहनों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों का लगातार दबाव रहने के कारण सड़क किनारे रखे गए सामान दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकती है। सड़क के दोनों ओर खड़े भारी वाहन सामने से आने वाले वाहनों की दृश्यता भी कम कर देते हैं। ऐसे में अचानक कोई पैदल यात्री, बाइक या अन्य वाहन सामने आने पर चालक दिग्भ्रमित हो जाते है।

विशेष अभियान चलाने की जरूरत- नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना और आवश्यकतानुसार कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सड़क पर सामान फैलाकर रखना, बोर्ड लगाना, वाहन खड़ा करना या बाजार लगाना सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन यदि समय रहते सख्ती नहीं करता तो अतिक्रमण धीरे-धीरे और बढ़ता जाएगा और सड़क की वास्तविक चौड़ाई कम होती जाएगी। नवापारा से नवा रायपुर और आरंग मार्ग पर सड़क किनारे के गांवों में प्रशासन को विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। सड़क की सीमा से बाहर तक फैले सामान और दुकानों के बोर्ड तत्काल हटाए जाएं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रशासन कार्रवाई के लिए किसी बड़े हादसे का इंतजार क्यों कर रहा है?

आजादी के 76 वर्ष बाद भी रसेला सहित क्षेत्र में स्वयं का डाकघर भवन नहीं

हरिभूमि न्यूज ›› रसेला

क्षेत्र में आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस अंचलों में डाक विभाग का स्वयं का भवन नहीं होने से इस क्षेत्र में आज भी किराए के भवन संचालित हो रहा है। वर्तमान में डाकघर स्कूल में सहेली शाला में संचालित हो रहा हैं। मालूम हो कि ग्राम रसेला में डाकघर जहां संचालित हो रहा है वहां भवन स्कूल के बीचों-बीच स्थित है जिससे उपभोक्ताओं के बार बार आवागमन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। स्कूल के बंद हो जाने के बाद उपभोक्ताओं को डाक सुविधा के लिए दूसरे दिन स्कूल खुलने का इंतज़ार करना पड़ता है।

मोबाइल, इंटरनेट एवं संचार क्रांति के इस दौर में अब चिट्ठी -पत्री का दौर कमजोर पड़ गया है। पहले की तुलना में अब पोस्ट कार्ड, अंतरदेशीय एवं लिफाफा की बिक्री डाउन हो गई है। वहीं अरसे पूर्व क्षेत्र में विभिन्न हिस्सों में लगाए गए डाक घर के लालरंग के छोटे बड़े डिब्बे जिसे पोस्ट बॉक्स कहा जाता है, और जिसमें चिट्ठी लिखने वाले व रेडियो फरमाइश भेजने वाले पोस्ट कार्ड बड़े पैमाने पर डाले जाते है, अब वहां भी विभिन्न स्थलों से विलुप्त हो रहे हैं। डाकघर के बाहर भी एक छोटे आकार का डिब्बा लटक रहा है, जिसमें कभी कभार लोग चिट्ठी पत्री लिखकर डालते हैं। वहीं स्पीड पोस्ट व डाक लिफाफा के कद्रदान अभी भी मौजूद है। खासकर विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन एवं अन्य कागजात भेजने के लिए लोग स्पीड पोस्ट सेवा का उपयोग कर रहे हैं। वहीं पार्सल सुविधा भी अभी जारी है। जिसका लोग उपयोग कर रहे हैं। इस बीच रसेला डाकघर से जुड़े सैकड़ों उपभोक्ताओं की यह आम शिकायत है कि डाकघर भवन बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने और आस पास पानी भर जाने से दिक्कतों से जुझना पड़ता है। बुजुर्गों के लिए कष्टप्रद साबित होता है। एक लंबे समय से क्षेत्र के नागरिक डाकघर का स्वयं का भवन रसेला में निर्माण कराने की मांग केन्द्र शासन से कर रहे हैं। नये स्थल पर स्थापित करने एवं नये डाकघर का स्वयं का भवन बनाने की मांग लोगों ने पुनः की है।

आरोपियों की जमानत को निरस्त करने चुनौती देगा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के जैतपुरी क्षेत्र में हटाए गए अतिक्रमण और पुनःस्थापित वनक्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण के मामले में वन विभाग ने सक्त रूख अपनाया ह उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व प्रबंधन में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही तेज करने का निर्णय लिया है। जैतपुरी अतिक्रमण प्रकरण में 166 व्यक्तियों के विरुद्ध वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण तथा वन एवं वन्यजीव आवास को क्षति पहुँचाने से संबंधित अपराध प्रकरण पी ओ आर क्रमांक 15/10, 15/11, 15/12 एवं 15/13 पंजीबद्ध किए गए थे। इसके पश्चात 126 आरोपियों को माननीय उच्च न्यायालय से ष्पुनः वन अपराध कारित न करने की शर्त पर अग्रिम जमानत का लाभ प्राप्त हुआ था और गिरफ्तार किये गये 40 आरोपियों को माननीय नगरी न्यायालय से जमानत का लाभ प्राप्त हुआ था। माननीय उच्च न्यायालय के दिनांक 10 जुलाई 2026 के आदेश में जमानत की शर्तों के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया था कि आरोपी भविष्य में इसी प्रकार के किसी अपराध में संलिप्त नहीं होंगे।

कोर क्षेत्र में पुनः अतिक्रमण का प्रयास

पुनरुथापनित वन क्षेत्र में पुनःस्थापन निरीक्षण नहीं – अतिक्रमण हटाकर पुनरुथापित किए गए वन क्षेत्र में 18 अगस्त 2026 को लगभग 60–70 आरोपियों द्वारा पुनः प्रवेश कर कथित रूप से अतिक्रमण एवं वन्यप्राणी रहवास को क्षति पहुँचाई गयी जिस पर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व द्वारा वन्यप्राणी अपराध प्रकरण क्रमांक 15/16 एवं 15/17 एवं लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। एक आरोपी परमेश वट्टी पिता निर्मल वट्टी ग्राम जैतपुरी को रंगे हाथो मौके पर पकड़ा गया एवं फोटो–वीडियोग्राफी की गयी एवं वन अपराध में प्रयुक्त औजारों, हथियारों को जप्त किया गया । उपस्थित चश्मदीद गवाहों, कोटवार के बयान लिए गये, ड्रोन फुटेज एवं संबंधित साध्य एकत्र किए गये है। इसके आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पहचान की गई है।

126 अग्रिम जमानत और 40 नियमित जमानत को चुनौती देगा उदंती सीतानदी टाईगर – उदंती सीतानदी टाईगर द्वारा निर्णय लिया गया है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सक्षम न्यायालय के समक्षः 126 फरार आरोपियों को माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त अग्रिम जमानत, तथा 40 पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों को माननीय नगरी न्यायालय से प्राप्त नियमित जमानत को चुनौती देने के लिए आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इन कार्यवाहियों में पूर्व अतिक्रमण, अतिक्रमण हटाने एवं वन क्षेत्र के पुनरुथापन, पुनः किए गए अतिक्रमण/क्षति तथा जमानत प्राप्त करने के बाद आरोपियों के आचरण से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

अतिक्रमणकारियों के लिए कड़ा संदेश

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण हटाना कार्रवाई का अंतिम चरण नहीं है। पुनः वन क्षेत्र में प्रवेश करना, खेती या निर्माण करना, पुनरुथापित वन आवास को नुकसान पहुंचाना अथवा इसी प्रकार के अपराध को दोहराना पाए जाने पर नए आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ–साथ संबंधित जमानत/अग्रिम जमानत को चुनौती देने की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टाइगर रिजर्व का यह स्पष्ट मत है कि

पुनरुथापित वन्यजीव आवास को दोबारा अतिक्रमण के कारण नष्ट नहीं होने दिया जाएगा।'' किसी भी व्यक्ति द्वारा पुनः प्रवेश कर खेती करने, वनस्पति हटाने अथवा संरक्षित क्षेत्र के आवास को प्रभावित करने का प्रयास किए जाने पर कानून के अनुसार पी ओ आर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। रिजर्व द्वारा क्षेत्र की निगरानी एवं साक्ष्य संकलन को भी मजबूत किया जा रहा है। इसके लिए ''स्थल निरीक्षण, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, जियो–रेफरेंस्ड साक्ष्य तथा उपलब्ध तकनीकी माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि किसी भी नवीन उल्लंघन को न्यायालय के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया जा सके।

समक्ष अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी गरियाबंद, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// शपथ-पत्र //

मैं गुपेन्द्र कुमार साहू पिता श्री अमर सिंह साहू जाति तेली निवासी ग्राम सड़कपरसुली तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. एतदद्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ:-

1. मै गुपेन्द्र कुमार साहू निवासी सड़कपरसुली तहसील व जिला गरियाबंद छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।
2. मै अपने नाबालिग पुत्र का नाम (पुराना नाम जिसे बदलाना है) खिलेन साहू से बदलकर नया नाम (नया नाम) खिलेन्द्र साहू करवाना चाहता हूँ।
3. मै अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिये मै स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।
4. मेरी पत्नि तिलेश्वरी साहू को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मै यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवाश में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांक :- 27.08.2026 शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार–छुरा, जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

रा.प्र.क्र. / / ब-121 / वर्ष 2022-23८

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवशरण ध्रुव वल्द श्री हिरऊ राम ध्रुव जाति गोंड ग्राम बम्हनी प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. छुरा तहसील - छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने स्वयं/माता/पिता/ श्री हिरऊ राम ध्रुव के मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप-पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु) शपथ पत्र में अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्द्ध-शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 02/09/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)

जवानों को बांधी राखी, प्रभारी ने किया साइबर जागरूक

हरिभूमि न्यूज ›› छुरा

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर वनबंधु परिषद एकल अभियान एवं एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण के संयुक्त तत्वावधान में छुरा थाना परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एकल अभियान की आचार्य दीदियों ने छुरा थाना के जवानों एवं पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बहनों ने जवानों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए समाज और देश की सुरक्षा में उनके योगदान को सराहा। इस अवसर पर थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मोबाइल फोन, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया तथा अनजान लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी एवं साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस जवानों और समाज के बीच भाई-बहन के स्नेह, विश्वास, सम्मान एवं सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर एकल अभियान से जुड़े कार्यकर्ता, आचार्य दीदियां एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

चेकिंग के दौरान कार में मिला गांजा, 3 आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस एक कार से गांजा बरामद किया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बैरियर में आने-जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान बसना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक सफेद रंग की डिजायर कार (क्रमांक सीजी 08 बीएफ 7700) में कुछ व्यक्ति अवैध गांजा परिवहन करते हुए आ रहे हैं। चेक पोस्ट पर पुलिस टीम को अलर्ट किया गया। कार के आने पर उसमें तीन व्यक्ति सवार मिले, जिनसे पूछताछ करने पर अपने नाम खिलेश मंडावी पिता लीला राम (उम्र 29 साल), अजय मार्कंडेय पिता कृष्ण मार्कंडेय (उम्र 26 साल), प्रेम दास मानिकपुरी पिता कमलेश दास मानिकपुरी (उम्र 19 साल) सभी निवासी राजनांदगांव होना बताया। वाहन की सघन तलाशी लेने पर उसमें 12.260 किलो गांजा (कीमत छह लाख रुपए) को बरामद किया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने गांजा को ओडिशा के पदमपुर/जोगीमुड़ा से खरीदकर राजनांदगांव ले जाना बताया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

निधन

दिलीप राम साहू

फिंगेश्वर। नगर के दर्रीपार वार्ड निवासी वरिष्ठ कृषक, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष दिलीप राम साहू का

निधन 29 अगस्त हो गया। उनका दाह संस्कार 30 अगस्त को किया गया। वे साहू समाज के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय गणेश राम साहू के पुत्र थे। वे पुलिस आरक्षक दुर्गेश साहू के पिता एवं सेवानिवृत्ति फौजी दुबे लाल साहू के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में नागरिक, परिवारजन, मित्रगण आदि शामिल होकर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम : ग्राम हरदी में सुनी पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात

नशामुक्त युवा ही हैं विकसित भारत की ताकत : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ग्राम हरदी में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 137वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लेखराम साहू के निवास पर हुआ। इसमें मुख्य रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, भाजपा आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। सामूहिक श्रवण के बाद विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत'

अभियान, महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्तिसैट और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रोजगार और रचनात्मक कार्यों से जोड़ना जरूरी है। नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव और सबसे बड़ी ताकत बन सकते हैं। विधायक साहू ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़कर अपना कारोबार आगे बढ़ा रही हैं। वहीं मिशन शक्तिसैट के माध्यम से 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सैटेलाइट तकनीक और इनोवेशन सीखने का अवसर मिलना बेटियों की बढ़ती क्षमता और आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छता को जनभागीदारी से अभियान का रूप मिला है। लोगों के स्वच्छता को आदत और जिम्मेदारी मानने से गांवों और शहरों की तस्वीर बदल रही है। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देश में हो रहे सकारात्मक बदलावों और जनभागीदारी के प्रयासों को सामने रखते हैं। इससे आम नागरिकों और कार्यकर्ताओं को समाजहित में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान गरियाबंद मंडल महामंत्री प्रह्लाद ठाकुर, उमेश सिंह, प्रतीक तिवारी, प्रतीक सिंह, संजू साहू, तरुण ठाकुर, ग्राम पंचायत हरदी के सरपंच मिथलेश ध्रुव, भागवत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टीपपारा मार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान, बारिश में आवागमन मुश्किल

मैनपुर। ग्राम पंचायत मुड़ागांव के आश्रित ग्राम टीपपारा से नेशनल हाईवे-130 सी को जोड़ने वाले मार्ग की बदहाली के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर मुरम डालने के बजाय मिट्टी डाल दिए जाने से हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ और फिसलन से भर जाती है। इससे ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की बदहाली को लेकर पहले भी खबर प्रकाशित हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बारिश के दौरान मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल आने-जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजमर्रा के जरूरी कामों के अलावा बच्चों को स्कूल पहुंचाने, अस्पताल जाने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहना पड़ता है। सड़क खराब होने के कारण समय पर अस्पताल पहुंचना और दैनिक आवागमन करना चुनौती बन गया है। परमेश्वर यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक सचिव ने कहा कि हल्की सी बारिश होते ही टीपपारा के ग्रामीणों को आने-जाने में आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मार्ग की स्थिति में जल्द सुधार करने और सड़क पर मुरम डालकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात को ग्रापं जुलुम में सुना गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 137वें संस्करण का सामूहिक रूप से श्रवण ग्राम पंचायत जुलुम में किया गया। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों, किसानों के लिए कही गई बातों को कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष परदेशीराम साहू ने कहा कि मन की बात हमें राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निरंतर स्मरण कराता है। प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेकर किसान हित, समाज सेवा और राष्ट्र उत्थान के संकल्प को हम सब मजबूत करें। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण यशवर्धन वर्मा, जिला प्रभारी किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण देवेंद्र साहू, जिला सह प्रभारी किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण देवकर साहब, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष शुक्ला, जिला महामंत्री खेलूराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष पारसमणी साहू, नारायण यादव, किशोर साहू, हिरदेराम साहू, डॉ मनीष साहू, पुष्पा साहू, माधव मिरी, भेखराम साहू, प्रकाश नामदेव, शशिकांत साहू, तोरण साहू, सुमित सिन्हा, लोकेश साहू, हरीश वर्मा, प्रेमनारायण निषाद, नागेश निषाद, पुनाराम साहू, भगवान वर्मा, मन्नुलाल साहू, लच्छकुमार साहू, पुनीत पाल आदि मौजूद थे।

सशक्त समाज के निर्माण में सभी नागरिक दें योगदान

राजिम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण योगेश्वर गोस्वामी के निवास में सुना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। पीएम मोदी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से देशवासियों को राष्ट्रहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने तिरंगा अभियान से जुड़ने, तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं सहित सभी नागरिकों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों को प्रेरणादायक बताते हुए उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कहा गया कि देश के लिए यह अत्यंत गर्व और सौभाग्य की बात है कि भारत को नरेंद्र मोदी जी जैसा कर्मठ, दूरदर्शी, राष्ट्रनिष्ठ एवं जनसेवा के लिए समर्पित प्रधान सेवक मिला है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, आत्मनिर्भरता और विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उनके आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने तथा एक सशक्त, स्वस्थ, नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

बरसते पानी के बीच सेवादल का तिरंगा चौक में झंडा वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के तिरंगा चौक वार्ड क्रमांक 17 में रविवार को झंडा वंदन कार्यक्रम देशभक्ति और अनुशासन के साथ हुआ। सुबह से लगातार हो रही बारिश के बावजूद सेवादल कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। कार्यकर्ताओं ने प्रतिकूल मौसम के बीच भी सेवादल ने झंडा वंदन को चरितार्थ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस सेवादल नवापारा नगर अध्यक्ष बीरबल सिंह बंजारा ने सेवादल के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी भूमिका तथा सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस सेवादल रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष चतुर सिंह जगत का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल महामंत्री सुरेन्द्र साहू, महामंत्री घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष लालजी साहू, डोमन साहू, रूपराम साहू, नंदू साहू, भोला साहू, भावेश साहू, आकाश सोना, गुनित साहू, छन्नू निर्मलकर, कुणाल साहू, दुर्पति सोना, शीतल जगत, रूखमणि जगत, नीला जगत, अमर सिंह एवं लिली सोना सहित कांग्रेस सेवादल के अनेक

पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बारिश के बीच संपन्न यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के राष्ट्रभक्ति, संगठन के प्रति समर्पण और सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण बना। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रध्वज के सम्मान, संगठनात्मक एकता तथा जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का आह्वान किया गया।

महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी का स्वागत...

राजिम। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रथम आगमन पर नगर पालिका राजिम की पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर ग्रामीण के सहप्रभारी रेखा सोनकर ने बुकें भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष बिंदु सिन्हा सहित महिला मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिवसेना यूबीटी ने की जिला प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग

प्रथम बारिश में ही ढह गई कुसुमबुड़ा पुलिया सैकड़ों गांव का आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शिवसेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने कुसुमबुड़ा गांव में विगत एक महीने पूर्व क्षतिग्रस्त हुई पुलिया स्थल का दौरा किया। यह पुलिया मानसून की पहली बारिश में ही ढहकर बह गई है। पुलिया के टूटने से क्षेत्र के पिपराही दुल्ला सारागांव कोसमी नयापारा नवगई भैंसामुंडा केवटीझर टोनहीडबरी भरवामुंडा रसेला ग्राम सहित ओडिशा जाने का एकमात्र मार्ग बाधित हो गया है। पुलिया के टूटने से क्षेत्र के लगभग सैकड़ों गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है। जिससे हजारों ग्रामीण

और राहगीरों का आवागमन बाधित हो गया है। प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर स्थित का जायजा लिया और बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता पर गहरी चिंता व्यक्त की। शिवसेना नेता महेश वासुदेव दुबे ने कहा कि पुलिया व सड़क के बह जाने के बावजूद अफसर, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी को उजागर करता है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक मजदूरों को जान जोखिम में डालकर गंतव्य तक जाना पड़ रहा है। क्षेत्र की आम जनता और ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। राहगीरों और ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वह तुरंत एक सुगम वैकल्पिक रास्ता या स्थाई पुलिया का निर्माण कराएं, ताकि आवागमन बहाल हो सकें। साथ इस घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जल्द कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मितेश शर्मा टिकेश साहू डिपेंद कुंजाम आदि शामिल थे।